# अर्धवार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा - बारहवीं

विषय - बहीखाता एवं लेखाकर्म

समय - 3.00 घंटे

पूर्णांक - 100

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है। प्रश्न क्र. 2 से 12 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है। प्रश्न क्र. 13 से 18 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है। प्रश्न क्र. 19 से 26 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है।

CGboardonline.com

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(1) मूल्यह्रास का संबंध होता है।

(अ) बाजार मूल्य से (ब) पुस्तकीय मूल्य से (स) लागत मूल्य से (द) विक्रय मूल्य से

(2) स्थायी सम्पत्ति पर ह्रास काटने का मुख्य उद्देश्य है।

(अ) कर बचाना (ब) व्यापार की सही वित्तीय स्थिति जानना

(स) व्यापार का व्यय बढ़ना (द) व्यापार के लाभ को कम करना

(3) सरल रेखा पद्धति कहते हैं।

(अ) क्रमागत ह्रास पद्धति (ब) स्थायी किस्त पद्धति

(स) वार्षिक वृत्ति पद्धति (द) वार्षिक मूल्यांकन पद्धति

(4) अवशेष मूल्य का महत्व निम्न पद्धति में होता है।

(अ) स्थायी किश्त पद्धति (ब) घटती किश्त पद्धति

(स) ह्रास कोष पद्धति (द) वार्षिक वृत्ति पद्धति

(5) प्राप्ती भुगतान खाता बनाया जाता है।

(अ) प्रतिदिन (ब) प्रति सप्ताह (स) प्रतिमाह (द) प्रतिवर्ष

(6) पेशेवर व्यक्ति का उदाहरण है।

(अ) विक्रेता (ब) प्रेषक (स) वकील (द) प्रतिनिधि

(7) एक शैक्षणिक संस्था प्रतिवर्ष तैयार करती है अपना

(अ) व्यापार खाता (ब) आय-व्यय खाता (स) निर्माण खाता (द) लाभ-हानि खाता

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। CGboardonline.com

(1) ---------- पद्धति आयकर विधान द्वारा मान्य है।

(2) मूल्यह्रास केवल ---------- सम्पत्तियों पर लगाया जाता है।

(3) प्राप्ती भुगतान खाता बनाने का आधार ---------- है।

(4) समर्पित निधि या स्थिरदान कोष ---------- मद है।

(5) साझेदारी संलेख के अभाव में लाभ हानि का विभाजन ---------- अनुपात में होता है।

(स) सत्य/असत्य लिखिये।

(1) संयुक्त साहस का संबंध केवल व्यापारिक प्रकृति के कार्यों से होता है।

(2) संयुकत साहस फर्म का एक निश्चित नाम होना आवश्यक है।

(3) एक अवयस्क व्यक्ति के साथ संयुक्त साहस का अनुबंध नहीं किया जा सकता।

(4) गैर व्यापारिक संस्थाएं अपना हिसाब-किताब दोहरा लेखा प्रणाली से रखती है।

(5) संयुक्त साहस में हिसाब रखने की कुल तीन विधि है।

(6) बैंकिंग फर्म में सदस्यों की संख्या अधिकतम 10 होती है।

(7) साझेदारी संलेख लिखित में बनाना अनिवार्य होता है।

(8) आय-व्यय खाता रोकड़ बही का सारांश होता है।

प्रश्न 2. मूल्यह्रास से क्या आशय है ?

CGboardonline.com

प्रश्न 3. विक्रय विवरण से क्या आशय है ?

प्रश्न 4. साझेदारी संलेख से क्या आशय है?

प्रश्न 5. संयुक्त साहस क्या है ?

CGboardonline.com

प्रश्न 6. परिशोध कमीशन क्या है ?

प्रश्न 7. प्रेषण आगत बही किसे कहते हैं ?

प्रश्न 8. एक क्लब को पुस्त से निम्न विवरण प्राप्त हुए । 01-01-12 को हस्तस्थ रोकड़ 1000 रुपये, फर्नीचर 200 रुपये, मशीन 500 रुपये, वर्ष 2011 का 100 रुपये वार्षिग सदस्यता शुल्क बकाया था । जबकि 50 रुपये शुल्क 2012 का अग्रिम प्राप्त हो गया है । 01.01.12 की पूंजी ज्ञात कीजिए ।

प्रश्न 9. 48000 रुपये के लाभ को $\frac{1}{2}$0 $\frac{1}{4}$0 $\frac{1}{4}$ के अनुपात में वितरित कीजिए ।

प्रश्न 10. साझेदार रमेश ने 31 जुलाई 2012 को बिना किसी समझौते के 12000 रुपये का ऋण अपनी फर्म को दिया । 31 दिसम्बर 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए रमेश के ऋण पर ब्याज की गणना कीजिए ।

प्रश्न 11. मूल्यहास उत्पत्ति के कोई 2 कारण समझाइये ।

प्रश्न 12. समर्पित निधि या स्थिर दान कोष क्या है ?

प्रश्न 13. स्थायी एवं घटती किश्त पद्धति में अंतर लिखो कोई तीन ।

प्रश्न 14. संयुक्त साहस में लाभ हानि का वितरण किस प्रकार होता है ।

प्रश्न 15. प्रशान्त और निशान्त एक फर्म में साझेदार है जो 3:2 में लाभ बांटते हैं । उन्होंने मोहित को $\frac{1}{4}$ भाग देकर साझेदारी में प्रवेश दिया । यदि पुराने साझेदारों का अनुपात यथावत रहता है तो लाभ हानि विभाजन का नया अनुपात ज्ञात कीजिए ।

प्रश्न 16. प्रेषण पर भेजे गये माल का बीज मूल्य 50000 रुपये है । यह लागत मूल्य का 25% अधिक है । लागत मूल्य ज्ञात कीजिए ।

CGboardonline.com

प्रश्न 17. अविनाश की पुस्तकों में निम्न विवरण उपलब्ध है ।

(1) रोकड़ शेष - 31.12.2014 3000 रुपये 31.12.205 1500 रुपये

(2) 01.01.2015 को सम्पत्तियां भवन 10000 रुपये, उपस्कर 2000 रुपये व लेखन सामग्री 500 रुपये

(3) अदत्त व्यय - 31.12.2014 400 रुपये 31.12.2015 200 रुपये

प्रारंभिक चिट्ठा बनाकर पूंजी कोष ज्ञात कीजिए ।

प्रश्न 18. कमीशन से आप क्या समझते हैं यह कितने प्रकार के हैं संक्षिप्त में समझाओ ।

प्रश्न 19. बसंत और विष्णु एक फर्म में साझेदार है । 1 जनवरी 2015 को उनकी पूंजी क्रमश: 25000 और 20000 रुपये थी । उन्हें पूंजी पर 8% ब्याज दिया जाता है । तथा उनके आहरणों पर 12% ब्याज लगाया जाता है । बसंत ने 1 जुलाई 2015 को 10000 रुपये फर्म को ऋण के रुप में दिये । विष्णु 5000 रुपये वार्षिक वेतन पाने का अधिकारी है। उनके आहरणों पर ब्याज क्रमश: 600 रुपये, 500 रुपये, लगया गया । दिसम्बर 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ उपर्युक्त समायोजन के पूर्व 25000 रुपये था । वर्ष 2015 का लाभ हानि नियोजन खाता बनाइये ।

अथवा

अ, ब व स एक फर्म में साझेदार है और लाभ हानि समान अनुपात में बांटते हैं । उन्होंने 31 दिसम्बर 2015 को फर्म का विघटन किया इस तिथि पर उनका चिट्ठा इस प्रकार था ।

| दायित्व | राशि | सम्पत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 10000 | भवन | 25000 |
| ब का ऋण | 5000 | मशीनरी | 15000 |
| पूंजी | | फर्नीचर | 3000 |
| (अ) 30000 | | स्टॉक | 10000 |
| (ब) 25000 | 55000 | लेनदार | 10000 |
| | | रोकड़ बैंक में | 7000 |
| | 70000 | CGboardonline.com | 70000 |

सम्पत्तियों से वसूली हुई - भवन 40000 रु., मशीनरी 16500 रु., फर्नीचर 2500 रु., स्टॉक अंशत: 8000 रु., देनदार 7000 रुपये, विघटन व्यय 2100 रुपये शेष स्टाक अ ने 1500 रुपये में ले लिया। लेनदारों को पूर्ण भुगतान में 9000 रुपये दिये गये। वसूली खाता बनाइये।

CGboardonline.com

प्रश्न 20. $x$ और $y$ 3 : 1 के साझेदार है। 31 दिसम्बर 2014 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित है।

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियां | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 10000 | अर्धमण (देनदार) | 16000 |
| पूंजी | | स्कंध | 20000 |
| | | फर्नीचर | 2000 |
| $x$ 30000 | | भवन | 24000 |
| $y$ 10000 | 40000 | | |
| देय विपत्र | 12000 | | |
| | 62000 | | 62000 |

वे 1 जनवरी 2014 को $z$ को साझेदारी में निम्न शर्तों पर प्रवेश देते हैं।

(1) $z$ पूंजी के लिए 10000 रु. देगा और फर्म के लाभ में 1/5 भाग के लिए 8000 रुपये ख्याति के देगा।

(2) स्कंध व फर्नीचर का मूल्य 10% से कम करना है और अप्राप्य ऋण के लिए 5% से संचिति का सृजन किया जावेगा।

(3) भवन का मूल्य 20% से बढ़ाया जायेगा।

पुर्नमूल्यांकन खाता एवं पूजी खाता बनाइये।

CGboardonline.com

अथवा

फर्म की पुस्तक में आवश्यक पंजी प्रविष्टियां दीजिए।

प्रश्न 21. एक कम्पनी ने एक मशीन 200000 रुपये में खरीदी जिसमें 20000 रुपये का एक बॉयलर शामिल था। पांचवे वर्ष बॉयलर बेकार हो गया जिसे 4000 रुपये में बेच दिया गया। मशीन पर 10% की दर से ह्रास लगाते हुए घटती किश्त पद्धति से पांच वर्षों का मशनरी खाता बनाइये।

अथवा

1 जनवरी 2012 को 30000 रुपये में एक मशीन क्रय की गई तथा इसी वर्ष 1 जुलाई को 20000 रुपये में एक और मशीन खरीदी गई। 1जुलाई 2014 को पहली मशीन जो 1 जनवरी 2012 को कक्रय की थी अप्रचलित हो जाने के कारण 10000 रुपये में बेच दी गई मशीन पर वर्ष 2012 तक 10% की दर से स्थायी किस्त पद्धति के अनुसार ह्रास लगाया गया किन्तु 2013 से 12% की दर से क्रमागत ह्रास पद्धति को अपनाया गया। तीन वर्षों का मशीन खाता बनाइये।

प्रश्न 22. रश्मि ने किरण को 15000 रुपये का माल प्रेषण पर भेजा और किरण पर 5000 रुपये का एक विपत्र लिखा जिसे किरण ने स्वीकार करके लौटा दिया रश्मि ने 1200 रुपये गाड़ी भाड़ा चुकाया किरण ने 400 रुपये चुंगी के चुकाकर माल प्राप्त किया एक माह के भीतर किरण ने आधा माल 10000 रुपये में उधार तथा शेष का आधा भाग 4500 रुपये में नगद विक्रय किया। एजेंट को कुल विक्रय में 5% कमीशन एवं उधार पर 2% परिशोध कमीशन स्वीकृत था। किरण ने रश्मि को विक्रय विवरण के साथ शेष राशि का बैंक ड्राफ्ट भेजा रश्मि की पुस्तक में प्रेषण खाता बनाइये।

अथवा

उपरोक्त प्रश्न की प्रेषक की पुस्तक में पंजी प्रविष्टि दीजिए।

प्रश्न 23. निम्नलिखित जानकारी से 31 दिसम्बर 2005 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए एक क्लब का प्राप्ती भुगतान खाता बनाइये।

CGboardonline.com

रोकड़ शेष 1 जनवरी 2005 को 15000 रुपये

सदस्यता शुल्क क्लब के 300 सदस्यों से 15 रु. प्रति सदस्य लेना था। किन्तु 35 सदस्यों ने वर्ष का चंदा नहीं दिया जबकि 15 सदस्यो ने आगमी वर्ष का चंदा दे दिया, वेतन 300 रु. प्रतिमाह की दर से नवम्बर 2005 तक का वेतन दिया गया, किराया 150 रु. प्रतिमाह की दर से जून 2006 तक का दिया गया, फर्नीचर के लिए दिसम्बर 2005 में 1000 रुपये अग्रिम दिये गये किन्तु वर्ष के अंत तक केवल 150 रुपये के फर्नीचर प्राप्त हुए। विविध व्यय 1000 रु. वर्ष में हुए

जिससमें 600 रुपये देना बाकी है ।

अथवा

सोनिया क्लब का प्राप्ती भुगतान खाता 31 दिसम्बर 2015 को निम्नानुसार है ।

(प्राप्ती भुगतान खाता 31 दिसम्बर 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए)

| प्राप्ति | राशि | भुगतान | राशि |
|---|---|---|---|
| रोकड़ शेष | 24000 | वेतन और मजदूरी | 29000 |
| चन्दा | | विद्युत व्यय | 3000 |
| वर्ष 2012 - 5000 | | किराया | 8000 |
| 2013 - 32000 | | लेखन सामग्री | 2000 |
| 2014 - 3000 | 40000 | विनियोग | 25000 |
| विनियोग पर ब्याज | 8000 | उपस्कर | 8000 |
| मनोरंजन से लाभ | 6000 | रोकड़ शेष | 3000 |
| | 78000 | | 78000 |

निम्नलिखित सूचना -

CGboardonline.com

(1) क्लब के 400 सदस्य है, जो 100 रु. चंदा प्रति सदस्य देते हैं ।

(2) वर्ष के अंत में विनियोग पर 500 रुपये ब्याज के उपार्जित हैं तथा मजदूरी के 1000 रुपये देने थे ।

(3) उपस्कर पर 10% ह्रास लगना है ।

आय-व्यय खाता बनाइये ।

प्रश्न 24. आसाम टी कम्पनी 50 पेटी चाय जिनकी लागत 10000 रुपये है । पंचमढ़ी के नागपुर को प्रेषण पर भेजी । मार्ग में दो पेटियां अग्नि से नष्ट हो गई जिनका दावा बीमा कम्पनी स्वीकार कर लेती है । प्रेषण पर माल नष्ट होने के पूर्व 1600 रुपये और बाद में प्रेषणी के 3600 रुपये व्यय किये जो बिक्री व्यय नहीं है । उन्होंने 28 पेटियां 14000 रुपये में बेच दी। ऐजेंट कुल बिक्री पर 5% कमीशन पाने का अधिकारी है । प्रेषण की पुस्तक में प्रेषण खाता बनाइये ।

अथवा

उपरोक्त प्रश्न का प्रेषण स्कंध एवं बीमें के दावे की राशि की गणना कीजिए ।

प्रश्न 25. प्रशांत एवं सुशान्त ने समान अनुपात में लाभ-हानि विभाजन की सहमति के साथ एक संयुक्त साहस में प्रवेश किया । साहस के दौरान निम्न व्यवहार किये ।

(1) प्रशान्त व सुशांत ने क्रमश: 80000 रु. व 65000 रुपये एक संयुक्त बैंक खाते में जमा किये ।

(2) माल खरीदा 82000 रुपये के ।

(3) व्ययों का भुगतान किया 2800 रुपये ।

CGboardonline.com

(4) माल बेचा 84000 रुपये ।

(5) स्कंध 4100 रु. पर मूल्यांकित किया गया जिसे प्रशांत ने ले लिया ।

उपर्युक्त व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टि कीजिए ।

अथवा

उपरोक्त प्रश्न क्रमांक 25 के आधार पर संयुक्त साहस खाता बनाइये ।

प्रश्न 26. एक यंत्र 1 जनवरी 2012 को 10000 रुपये में क्रय किया गया प्रतिवर्ष 10% वार्षिक की दर से स्थायी किश्त पद्धति से अवक्षण लगया जाता है । 1 जनवरी 2014 को यह निश्चय किया गया कि यंत्र पर उसकी क्रय तिथि से ही 15% वार्षिक दर से स्थायी किश्त पद्धति से ह्रास लगया जावेगा 2012 से 2014 तक का यंत्र खाता बनाइये ।

अथवा

स्थायी एवं घटती किश्त पद्धति में अंतर बताइये । (कोई 5)

---00--

CGboardonline.com